20 पदबंध

पाठ का उद्देश्य

- पदबंध की जानकारी देना।
- पदबंध की पहचान और प्रयोग सिखाना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- पद + बंध से क्या अर्थ पता चलता है?
- क्या पदबंध को वाक्यांश कहा जा सकता है?
- 'हवा में फैली खुशबू' वाक्यांश किस बारे में बता रहा है?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन करके एनिमेशन दिखाना।
- बताना–
  - जब दो या दो से अधिक पद नियत क्रम और निश्चित अर्थ में किसी पद की तरह कार्य करें तो उसे पदबंध कहते हैं।
  - पदबंध में एक से अधिक पद मिलकर एक इकाई की तरह काम करते हैं।
  - ये वाक्यांश होते हैं।
  - पदबंध के पाँच भेद हैं– संज्ञा पदबंध, सर्वनाम पदबंध, विशेषण पदबंध, क्रिया पदबंध तथा अव्यय पदबंध।
- बोर्ड पर उदाहरण लिखकर समझाना।
- पाठ्यपुस्तक से पदबंधों के उदाहरण छँटवाना।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।
- पाठ्यपुस्तक से पदबंध के बीस उदाहरण चुनकर भेदों के अनुसार वर्गीकृत करने के निर्देश।